जनपद हमीरपुर

दिनांक 28.05.2026

श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा ईद उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत कस्बा मौदहा का किया गया निरीक्षण।

आज दिनांक 28.05.2026 को श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा ईद उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत थाना मौदहा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा मौदहा के प्रमुख मस्जिदों, नमाज स्थलों एवं मीरा तालाब आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया तथा मौके पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे पूर्ण सतर्कता, सजगता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर नजर रखने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं अफवाहपूर्ण सूचनाओं पर तत्काल नजर रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश प्रदान किए गए।

अधिकारियों द्वारा संबंधित थाना प्रभारी एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि त्यौहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर भ्रमणशील रहकर क्षेत्र में प्रभावी पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा व प्रभारी निरीक्षक मौदहा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।